-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.05.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मकान से आभूषण आदि चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 12 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के आभूषण व लगभग 32 हजार रुपए नकद सहित अवैध तमंचा, कारतूस बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.05.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मकान से आभूषण चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 12 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि कल दिनांक 23.05.2026 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली ज्योति पत्नी सज्जन कुमार द्वारा अपने घर में चोरी हो जाने के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी थी। सूचना पर थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में आज दिनांक 24.05.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को सूचना के 12 घण्टे के भीतर बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे छनेहरलालपुर को जोने वाले पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के आभूषण, नकद रुपए तथा अवैध तमंचा, कारतूस बरामद हुए हैं।

बरामदगी-

- 01 सिकड़ी सफेद धातु
- 01 जोड़ी बच्चों की चूड़ी सफेद धातु
- 30 हजार रूपए नकद
- 01 तमंचा 315 बोर
- 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. पुष्पेन्द्र पुत्र छेदीलाल निवासी छनेहरलालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 137/26 धारा 305(a)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
- मु0अ0सं0 138/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. थानाध्यक्ष कोतवाली देहात श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी
2. उ0नि0 श्री राजेश चन्द्र
3. का0 जितेन्द्र कुमार
4. का0 सचिन पटेल